दिनांक 02.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी आई.एल. यादव, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के द्वारा आज निगम के जोन क्र. 01, 02, 03 एवं 04 का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ कर्मचारी उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया गया। दीपावली पर्व को देखते हुए मिष्ठान भण्डारों में दुषित खाद्य सामग्री का विक्रय न हो इस हेतु निगम का स्वास्थ्य अमला निरंतर अपने–अपने प्रभार वाले वार्डों में व्यवसायियों से बासी खाद्य सामग्री विक्रय न करने की अपील की जा रही है तथा मौके पर ही सड़े गले खाद्य सामग्री पाये जाने पर विनिष्टिकरण भी किया जा रहा है। होटल, रेस्टोरेंट, पान ठेला, सार्वजनिक स्थल पर गंदगी न फैलाये जाने की अपील नागरिकों से करते हुए निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री यादव ने लोगों से कहा कि आप के घर से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरे को निर्धारित डस्टबीन में पृथक–पृथक रखकर सफाई मित्रों को देंवे जिससे स्वच्छता बनीं रहे। श्री यादव ने आज वैशाली नगर एवं कैम्प क्षेत्र के प्रतिष्ठित मिष्ठान भण्डारों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए छापेमार की कार्यवाही की गई एवं जोन अंतर्गत एस.एल.आर.एम. केन्द्र का भी निरीक्षण कर ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समस्त स्वच्छता निरीक्षको निर्देशित किया गया कि वे अपने सफाई अमलों के साथ निर्धारित समय में कार्य स्थल पर उपस्थित होकर कार्य का संपादन करें तथा कार्य में अनुपस्थित पाये जाने वाले कर्मचारियों के संबंध में जानकारी मुख्य कार्यालय के स्वास्थ्य विभाग को अनिवार्य रुप से प्रेषित करें।

जनसम्पर्क अधिकारी